
# "जयपुर नगर निगम" के अब 150 वार्ड 13 जोन में बंटेंगे, इन्हीं के आधार पर होंगे चुनाव

## स्वायत्त शासन विभाग ने जयपुर नगर निगम के जोन पुनर्गठन की अधिसूचना जारी की

**जयपुर** (कासं)। नगर निगम जयपुर में 13 जोनों में कुल 150 वार्ड शामिल होंगे। प्रत्येक जोन की सीमाएं और वार्डों की संख्या को नए सिरे से निर्धारित किया गया है। इसी आधार पर नगर निगम चुनाव होंगे। स्वायत्त शासन विभाग ने जयपुर नगर निगम के जोन पुनर्गठन की अधिसूचना जारी कर दी है।

सरकार ने नई प्रशासनिक व्यवस्था के तहत अब शहर को 13 जोनों में बांटा है, इन जोनों के तहत कुल 150 वार्ड शामिल होंगे। स्वायत्त शासन विभाग की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार यह नया ढांचा आने वाले अगले वर्ष होने वाले जयपुर नगर निगम चुनावों का आधार बनेगा।

- **विद्याधर नगर और झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र को दो-दो हिस्सों में विभाजित किया**
- **सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में भी दो जोन मानसरोवर और सांगानेर होंगे**
- **इस पुनर्गठन के बाद नगर निगम की प्रशासनिक सीमाओं और वार्डों का स्वरूप बदल जाएगा**



राजस्थान सरकार ने जयपुर को 13 जोनों में बांटा है। नए पुनर्गठन के तहत विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र को दो हिस्सों में बांटा गया है। इनमें मुरलीपुरा और विद्याधर नगर जोन होंगे। इनमें मुरलीपुरा जोन में वार्ड 1 से 13 तक, जबकि विद्याधर नगर जोन में वार्ड 7 से 22 तक शामिल होंगे। वहीं झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र को भी दो भागों में बांटा गया है। झोटवाड़ा जोन वार्ड 23 से 27, जबकि वैशाली नगर जोन में वार्ड 28 से 37 तक होंगे।

सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के तहत मानसरोवर और सांगानेर जोन बनाए गए हैं। मानसरोवर जोन में वार्ड 38 से 49 तक और सांगानेर जोन में वार्ड 47 से 58 तक शामिल होंगे। बगरू विधानसभा क्षेत्र को भी झालाना और जगतपुरा जोनों में विभाजित किया गया है। झालाना जोन में वार्ड 64 से 72 तक, जबकि जगतपुरा जोन में वार्ड 59 से 68 तक होंगे।

इसी तरह मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में मालवीय नगर जोन बनाया गया है, जिसमें वार्ड 73 से 87 तक होंगे। इसी तरह सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में सिविल लाइंस जोन बनाया गया है, जिसमें वार्ड 88 से 103 तक शामिल होंगे।

किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में किशनपोल जोन बनाया गया है। इसमें वार्ड 104 से 115 तक होंगे। वहीं आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में आदर्श नगर जोन बनाया गया है, जिसमें वार्ड 116 से 132 तक होंगे। वहीं हवामहल और आमेर विधानसभा क्षेत्र को मिलाकर एक संयुक्त जोन बनाया गया है, जिसे आमेर-हवामहल जोन नाम दिया गया है। इस जोन में वार्ड 133 से 150 तक शामिल किए गए हैं।

इस पुनर्गठन के बाद जयपुर नगर निगम की प्रशासनिक सीमाओं और वार्डों का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। नए जोन गठन के साथ ही निगम की कार्यप्रणाली को क्षेत्रवार अधिक प्रभावी बनाने की योजना है। हालांकि अब तक नए जोन के अनुसार अधिकारियों की नियुक्ति नहीं की गई है। ऐसे में यह व्यवस्था धरातल पर आने में फिलहाल कुछ वक्त लग सकता है।

### पिछड़ा वर्ग आयोग के आंकड़े मिलने के 3 दिन में आरक्षण लॉटरी निकाल देंगे : खर्रा

**जयपुर** । नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि स्वायत्त शासन विभाग के स्तर पर नगर निकाय चुनावों का कार्य पूरा हो चुका है। नगर निकाय की सीमाओं में वृद्धि का नोटिफिकेशन जारी करने के साथ ही, वार्डों के परिसीमन और पुर्नसीमांकन का काम भी पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को निकायवार पिछड़े वर्ग की आबादी के आंकड़े इकट्टे करने थे।

वहीं, राज्य निर्वाचन आयोग को नए परिसीमन के अनुसार मतदाता सूची जारी करनी थी। दिसंबर के प्रथम सप्ताह तक यह सूची जारी होनी थी। खर्रा ने कहा कि इसी बीच भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम जारी कर दिया। इसलिए अब एसआईआर कार्यक्रम पूर्ण होने से पहले मतदाता सूची जारी नहीं की जा सकती है। पिछड़ा वर्ग आयोग के द्वारा पिछड़े वर्ग की जनसंख्या अनुसार सूची जारी होने के तीन दिन के भीतर स्वायत शासन विभाग आरक्षण लॉटरी निकाल देगी। एंव एक राज्य एक चुनाव के तहत चुनाव आयोग को चुनाव हेतु आग्रह कर देंगे ।

# सड़क सुरक्षा में लापरवाही और कोत्ताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : डॉ. जितेन्द्र सोनी

## जयपुर कलेक्टर ने ट्रैफिक जाम से निपटने की रणनीति बनाने, सर्विस लेन से अतिक्रमण व सड़क किनारे अवैध पार्किंग हटाने के निर्देश दिए



जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने जिला सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन समिति की बैठक ली।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने अधिकारियों को साफ चेतावनी दी है कि जयपुर जिले में सड़क सुरक्षा की पालना सुनिश्चित करने में कोई लापरवाही और कोत्ताही बर्दाश्त नहीं होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों के मुताबिक प्रदेशभर में रोड सेफ्टी को प्राथमिकता दी जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके। वे सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन समिति की बैठक ले रहे थे।

- **राजमार्गों पर अवैध कट बंद करवाने, लेन सिस्टम को सख्ती से लागू करने, ट्रैफिक एड पोस्ट के संचालन को प्रभावी बनाने तथा टी-पॉइंट्स पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था के आदेश दिए**

कलेक्टर डॉ. सोनी ने जयपुर में हाल ही में हुई सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उनके पुनरावृत्ति रोकने के उपायों पर मंथन किया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि सड़क सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त योग्य नहीं होगी। ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने जयपुर शहर में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए ठोस रणनीति बनाने, सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने, सड़क किनारे अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई करने, राजमार्गों पर अवैध कट बंद करवाने, लेन सिस्टम को सख्ती से लागू करने, ट्रैफिक एड पोस्ट के संचालन को प्रभावी बनाने तथा टी-पॉइंट्स पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को मिडियन कट्स बंद करने एवं फ्लाईओवर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुराने और क्षतिग्रस्त साइनेज को बदलकर नए साइनेज लगाने तथा उन पर किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री नहीं लगाने के लिए आमजन से अपील की गई। कलक्टर ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर स्पीड लिमिट साइनेज बोर्ड लगाने, ब्लैक स्पॉट्स का निवारण करने और अनधिकृत पार्किंग, बिना रिफ्लेक्टर टेप वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में ज्वलनशील पदार्थों वाले वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग, रूट उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई, टोल नाकों पर नशे में वाहन चलाने वालों की निगरानी तथा बेसहारा पशुओं को रेडियम पट्टी लगाने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी, पुलिस आयुक्त (यातायात) सुमित महरड़ा, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री युगांतर शर्मा सहित पुलिस, यातायात, नगर निगम, जयपुर विकास प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवहन, सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नेशनल और स्टेट हाईवे को जोड़ने वाली जेडीए की मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाएं : आनंदी

## राजस्थान हाईकोर्ट ने पिछले दिनों इस संबंध में तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए थे

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी की अध्यक्षता में सोमवार को सभी उपायुक्तों और प्रकोष्ठों की बैठक हुई। जेडीसी ने सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाकर उन जगहों पर प्लानिंग करने, नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे को जोड़ने वाली जेडीए क्षेत्र की मुख्य सड़कों और फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। ज्ञात रहे कि पिछले दिनों राजस्थान हाईकोर्ट ने इस संबंध में कार्रवाई के आदेश दिए थे।

आयुक्त आनंदी ने कहा कि सभी जोन उपायुक्त अपने-अपने क्षेत्र में नीलामी योग्य जमीनों को चिन्हित करें, ताकि राजस्व में वृद्धि हो सके। इसके साथ ही जेडीए की जिन योजनाओं में आवंटियों ने भूखंडों की नियमानुसार राशि जमा नहीं करवाई है, उन भूखंडों का आवंटन निरस्त करके पुनः नीलामी में रखे। इसके साथ ही नवीन योजनाएं सृजित करने के लिए भी भूमि चिन्हित करने के आदेश दिए।




जयपुर विकास आयुक्त आनंदी की अध्यक्षता में सोमवार को सभी उपायुक्तों और प्रकोष्ठों की बैठक हुई।

इसके साथ ही बकाया लीज के प्रकरणों, विशेषकर बड़ेभूखण्डों/ग्रुप हाउसिंग भूखण्डों की लीज वसूली के लिए नियमानुसार कार्रवाई करने के आदेश दिए। आयुक्त ने कहा कि सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने के लिए जोन स्तर पर एस.डी.ओ. और राजस्व अधिकारियों से समन्वय स्थापित करें।

- **भूखंडों की राशि जमा नहीं करवाने वालों का आवंटन रद्द करने तथा नीलामी योग्य भूखंड चिन्हित करने के आदेश दिए**
- **ग्रुप हाऊसिंग और बड़े भूखंडों से लीज वसूली के लिए भी कार्रवाई करेगा जेडीए**

अतिक्रमण हटाने के साथ ही ऐसी बेशकीमती जमीनों की प्लानिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने राइजिंग राजस्थान में सरकार के साथ एमओयू करने वाले निवेशकों को भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों को भी दिसंबर तक करने के निर्देश दिए। साथ ही भू-उपयोग परिवर्तन, ले-आउट अनुमोदन व भवन मानचित्र समिति के प्रकरण निपटाने के आदेश दिए।

### बैडमिंटन लीग के लिए खिलाड़ियों का ऑक्शन



**जयपुर** । डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग का 7वां संस्करण 21 से 30 नवंबर तक स्पोफिट अकादमी जयपुर में होगा। लीग संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि इसके लिये विभिन्न वर्गों में टीम गठन के लिए जयपुर व जयपुर के बाहर से आए लगभग 300 खिलाड़ियों का ऑक्शन 9 नवंबर को जय क्लब में सम्पन्न हुआ।

इस बार लीग में किड्स कैटेगरी, बॉयज कैटेगरी और वीमेन कैटेगरी में आठ आठ टीमें भाग लेंगी, वहीं वरिष्ठ वर्ग में 20 टीमें भाग लेंगी। लीग के आयोजन अध्यक्ष डॉ. अनिल यादव ने बताया कि बैडमिंटन की डॉक्टर्स की यह प्रतियोगिता देश मे डॉक्टर्स के लिए होने वाली सबसे बड़ी प्रतियोगिता है। इस ऑक्शन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नवनीत इमेजिंग व लैब के निदेशक डॉ. नवनीत गुप्ता थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसआरके हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. राकेश शर्मा ने की। इस अवसर पर टीम ओनर्स, स्पॉन्सर्स, पार्टनर्स व जयपुर के गणमान्य चिकित्सक उपस्थित थे। इस मौके पर लीग आयोजन सचिव डॉ. हनुमान खोजा, लीग कॉर्डिनेटर वीमेन डॉ. निधि पूनिया, लीग कॉर्डिनेटर बॉयज़ डॉ. दिलीप गुप्ता, लीग कॉर्डिनेटर सीनियर केटेगरी डॉ. सतपाल यादव समेत कई डॉक्टर्स मौजूद थे।

### 'सैन समाज माऊथ पब्लिसिटी में माहिर'

**जयपुर** । मंदिशन सैन सम्बन ट्रस्ट जयपुर द्वारा बनीपार्क में शनिवार को आयोजित दीपावली स्नेह सितन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर अतिथि ऑल इंडिया कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक एवं सदस्य स्टेट ओबीसी एडवाईजरी काउंसिल राजेन्द्र सेन ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारा सैन समाज सभी समाजों के सम्पर्क में रखता है और यह समाज माऊथ पब्लिसिटी में माहिर है, यह चाहे जिसको जीता दे और चाह जिसको हरा दे। इनको अपनी ताकत को एकजुट करके अपने समाज के राजनैतिक नेताओं को एमएलए, एमपी बनाने का काम करना चाहिए, ताकि समाज का उत्थान हो सके।

# रोडवेज बस ने स्कूटी सवार छात्रा को कुचला

**जयपुर** । अशोक नगर इलाके में सोमवार को रोडवेज की बस ने छात्रा को कुचल दिया। बताया जा रहा है कि छात्रा के सिर के ऊपर से बस का टायर निकल जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लहूलुहान हालत में छात्रा को सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में जांच पड़ताल सड़क दुर्घटना थाना दक्षिण कर रहा है।

सहायक पुलिस आयुक्त (सड़क दुर्घटना दक्षिण) अमीर हसन ने बताया कि आदर्श नगर निवासी तनवी चावरिया (23) कनोडिया कॉलेज में एमए फाइनल ईयर की स्टूडेंट थी। जो सोमवार दोपहर को सेंट्रल पार्क से रैपीडो टैक्सी लेकर घर लौट रही थी। स्टेच्यू सर्किल से सवाई मानसिंह अस्पताल की ओर जाते समय पृथ्वीराज रोड टी-पॉइंट (सेंट्रल पार्क गेट नंबर-4) के सामने ओवर स्पीड रोडवेज बस ने स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। बस की टक्कर लगने से स्कूटी अनियंत्रित हो गई। पीछे बैठी छात्रा तनवी उछलकर बीच रोड पर गिर गई। ओवर स्पीड बस का टायर गिरी छात्रा के सिर को कुचलता हुआ निकला गया। तनवी की मौके पर ही मौत हो गई। स्कूटी सहित रेपिडो ड्राइवर साइड में गिर गया था। जिसे मामूली चोट लगी थी। रेपिडो चालक स्कूटी लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार रोडवेज की बस सिंधी कैंप से यात्रियों को लेकर अलवर के लिए रवाना हुई थी। रास्ते में एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर ने सवारियों से भरी बस को भगा ले गया। करीब 4 किलोमीटर दूर बर्फ खाना चौराहे रोड के किनारे बस को खड़ा करके ड्राइवर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस बर्फ खाना चौराहे पर पहुंची। वहां खाली बस के पास कंडक्टर खड़ा मिला। पुलिस ने बस को जब्त कर ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। सहायक पुलिस आयुक्त (सड़क दुर्घटना दक्षिण) अमीर हसन ने बताया कि कॉलेज से लौटने के बाद अपनी सहेली के साथ सेंट्रल पार्क घूमने गई थी। छात्रा की पहचान उसके बैग में मिली कॉलेज फीस की रसीद से हुई। रसीद में लिखे मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस ने परिवार को सूचना दी। बेटी की मौत की खबर सुनते ही पिता, दादा राजेंद्र, दादी उषा और अन्य परिजन एसएमएस अस्पताल पहुंचे। दो भाइयों की बड़ी बहन तनवी की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

- **छात्रा बाइक टैक्सी से अपने घर जा रही थी। तभी रोडवेज बस ने टक्कर मार दी, जिससे छात्रा उछलकर रोड पर गिरी और बस उसे कुचलते हुए निकल गई।**

## सार-समाचार

### जेजेएस-2025 का पोस्टर लॉन्च




**जयपुर** । जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस-2025) के थीम पोस्टर का लॉन्च होटल रोज़े आमेर में मिस यूनिवर्स इंडिया 2023 श्वेता शारदा द्वारा किया गया। वे इस वर्ष जयपुर ज्वैलरी शो की ब्रांड एम्बेसेडर हैं। इस दौरान इस वर्ष जेजेएस की थीम कलर्ड जेमस्टोन प्रमोशन ग्रुप को भी लॉन्च किया गया। इस अवसर पर जेजेएस की आयोजन समिति के साथ-साथ कई अन्य प्रसिद्ध ज्वैलर्स भी उपस्थित थे। जेजेएस का आयोजन सीतापुरा स्थित नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर में 19-22 दिसंबर तक होगा। इस अवसर पर जेजेएस आयोजन समिति के चेयरमैन विमल चंद सुराणा और ऑनेनरी सेक्रेटरी राजीव जैन ने बताया कि जेजेएस इस वर्ष 1225 बूथ्स और 658 एग्जीबिटर्स के साथ अब तक का सबसे अधिक बड़ा शो होगा। जैन ने बताया कि पिछले वर्षों की तरह ही, इस वर्ष भी पिंक क्लब होगा, जिसमें बी2बी इंटरेक्शन के लिए 74 बूथ होंगे। कार्यक्रम का संचालन जेजेएस के संयुक्त सचिव एवं प्रवक्ता अजय काला ने किया। उन्होंने बताया कि पिंक क्लब में 44 ज्वैलरी और 30 जेमस्टोन्स के बूथ्स शामिल होंगे। जयपुर ज्वैलरी डिजाइन फेस्टिवल (जेजेडीएफ) के अंतर्गत 67 बूथ्स होंगे। इस वर्ष कलर्ड जेमस्टोन प्रमोशन ग्रुप में 12 मेंबर्स शामिल हैं।

### आर.ए.एस. में चयनित सुलेखा का स्वागत



**जयपुर** । कॉलेज शिक्षा विभाग में सोमवार को दिवाली स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ। अध्यक्ष राहुल यादव ने बताया कि विभाग के सभी कर्मचारी इस कार्यक्रम में शामिल हुए एवं मंत्रालयिक कैडर रिव्यू के लिए सरकार का धन्यवाद दिया। अध्यक्ष राहुल यादव ने विभाग की कर्मचारी सुलेखा शर्मा जिनका चयन आर.ए.एस. में हुआ है, उनका सम्मान माला एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके किया। विभाग में नव नियुक्त कनिष्ठ सहायकों को माला पहना कर उनका भी स्वागत किया गया। इस मौके पर कार्यकारणी सदस्य सतीश पारीक, कपिल जैन, सुरेंद्र पारीक, दीपक मीणा, योगेश जारवाल, शंकर यादव, अशोक पुरोहित और महेन्द्र मीणा भी मौजूद थे।

### दीपावली मिलन समारोह आयोजित



**जयपुर** । गारमेंट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन, सीतापुरा द्वारा वार्षिक आम सभा का आयोजन शनिवार को जयपुर में सीतापुरा स्थित एक होटल में किया गया। कार्यक्रम में उत्साह, सौहार्द और उद्योग विकास की भावना का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर संगठन के सभी पदाधिकारी एवं संरक्षक राजीव दिवान, अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ कागज़ी, महासचिव मोनू करनानी, उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष हरीश टी. पंजाबी सहित 228 मेंबर्स और उनके परिवारजन के साथ उद्योग जगत के प्रमुख निर्यातक एवं विशिष्ट अतिथि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में पिछले वर्ष की उपलब्धियों की समीक्षा की गई तथा उद्योग के विकास, स्थायित्व और कौशल उन्नयन हेतु नई योजनाओं पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में एजेस सोर्सिंग डायरेक्टरी के दूसरे संस्करण का लोकार्पण किया गया। यह डायरेक्टरी सीतापुरा के परिधान निर्माताओं, निर्यातकों एवं संबद्ध इकाइयों की संपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करती है। इसका उद्देश्य खरीदारों और सप्लायर्स के बीच बेहतर संपर्क स्थापित करना और जयपुर को एक वैश्विक गारमेंट सोर्सिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है।

# सुभाष चौक इलाके में छत डालते समय दुकान ढही

## मलबे में दबने से दुकान मालिक की मौत, दो मजदूर घायल; हादसे के बाद अन्य श्रमिक मौके से फरार हुए

**जयपुर** (कासं)। सुभाष चौक थाना इलाके में स्थित पन्नी गरान मोहल्ले में निर्माणाधीन दुकान की छत बढ़ने से उसमें दुकान मालिक समेत दो मजदूर मलबे में दब गए। अचानक हुए तेज धमाके की आवाज सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। जिसके बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ राहत कार्य शुरू किया और जेसीबी की मदद से मलबा हटवा कर तीन घायल को उपचार के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने दो मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। वहीं दुकान मालिक ने अस्पताल ले जाते वक्त ही दम तोड़ दिया।

थानाधिकारी किशन यादव ने बताया कि थाना इलाके में स्थित पन्नी गरान मोहल्ले में एक दुकान का निर्माण कार्य चल रहा था। दुकान



मृतक अत्ताउल्लाह मिर्जा

मालिक अत्ताउल्लाह मिर्जा (56) ने दुकान के क्षेत्रफल को बढ़ाने के लिए मजदूरों से दो इंच की झिरी खुदवा कर उसमें ही सरिए फंसा कर ऊपरी मंजिल पर भी निर्माण कार्य शुरु करवा दिया। दो इंच की झिरी पर ऊपरी मंजिल का लोड बढ़ने के कारण



सुभाष चौक इलाके में निर्माणाधीन दुकान की छत गिरने से मलबे में दबे लोगों को पुलिस और सिविल डिफेंस टीम ने बाहर निकाला।

दुकान की छत भरभरा कर नीचे गिर गई। पुलिस ने बताया कि अचानक हुए इस हादसे में दुकान के बाहर निर्माण कार्य कर रहे अन्य मजदूर मौके से फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की सहायता से मलबे में दबे दो मजदूरों सहित दुकान मालिक अत्ताउल्लाह मिर्जा को बाहर निकाला और सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। जहां पर अत्ताउल्लाह मिर्जा को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया । वहीं दो अन्य मजदूरों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी। हादसे की जानकारी मिलने के बाद निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे । वहीं नगर निगम उपायुक्त विजेंद्र ने बताया कि लापरवाहीं किस की रहीं, इसकी जांच की जाएगी। उन्होने बताया कि वो 30 अक्टूबर को ही पदस्थापित हुए है।

- **पुलिस और सिविल डिफेंस ने जेसीबी मशीन की मदद से मलबा हटाकर तीनों को बाहर निकाला**